प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 06.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने हाल ही में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित पेसा नियमावली की तीखी आलोचना की है। रांची में एक प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि नई नियमावली आदिवासियों के साथ धोखा है।

****

इधर, झामुमो ने इस पर पलटवार किया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि असल में राज्य की महागठबंधन सरकार जो पेसा नियमावली लाई है, उससे बीजेपी नेताओं की कथित काली कमाई पर रोक लग जायेगी। यही कारण है कि वे नियमावली पर आपत्ति जता रहे हैं।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कक्षपाल नियुक्ति के विज्ञापन में वर्ष 2015 की ही आयु–सीमा लागू किए जाने पर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों से भर्ती नहीं होने के कारण हजारों युवा आयु–सीमा पार कर इस अवसर से वंचित हो रहे हैं। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले में संज्ञान लेकर अभ्यर्थियों को आयु–सीमा में छूट देने की मांग की है।

****

साहिबगंज में 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसके तहत जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में आज जिला परिवहन पदाधिकारी ने लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। अभियान के दौरान जागरूकता रथ, नुक्कड़ नाटक और स्वास्थ्य जांच शिविरों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उदेश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

****

उधर, गुमला में भी जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आज जागरूकता रथ रवाना किया गया। 31 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य दंड वसूलने के बजाय लोगों को यातायात नियमों, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रति जागरूक करना है।

****

2012 बैच के आईपीएस अधिकारी किशोर कौशल ने आज पलामू रेंज के नए डीआईजी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कानून–व्यवस्था बनाए रखने और नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने की प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले वह रांची, धनबाद और जमशेदपुर में एसपी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।

****

पलामू व्यवहार न्यायालय में आज दिन के करीब 11 बजे बिजली पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। परिसर में अफरातफरी के बीच स्थानीय लोगों ने अग्निशमन सिलेंडरों से आग बुझाई। दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। इस घटना में किसी प्रकार के जानमाल की क्षति की सूचना नहीं है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

****

चतरा के सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए बाल वाटिका और कक्षा एक में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जेइपीसी के निर्देशानुसार दोनों कक्षाओं में 40–40 सीटों पर 16

फरवरी तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है। यह सुविधा राज्य के चयनित छह स्कूलों में उपलब्ध है।

****

सरायकेला के टाउन हॉल में आज सशक्त महिला–सशक्त झारखंड विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी। जिला परिषद अध्यक्ष और उप विकास आयुक्त की मौजूदगी में महिलाओं को सामाजिक–आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और बाल विवाह व दहेज जैसी कुरीतियों को मिटाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न अधिकारियों और स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया।

*******समाप्त***********